बीपीएसएमवी: समाज कार्य विभाग में 10 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

खानपुर कलां, चेतना संवाददाता। भगत फूल सिंह महिला विवि के समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र में बतौर वक्ता डॉ भूपेंद्र सिंह ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। उन्होंने बौद्धिक विकलांगता, जैविक मानसिक बीमारी, मानसिक विकार एवं तंत्रिका संबंधी विकारों की जानकारी छात्राओं को दी। दूसरी वक्ता रीना ने सामाजिक कार्य के दायरे और स्कूल सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिकाओं से अवगत कराया। विभागाध्यक्षा डॉ मंजू पंवार ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ दीपाली माथुर, डॉ ज्ञान मेहरा, सोहन लाल, लुसी सहित विभाग की छात्राएं मौजूद रही।

छात्राओं को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

गोहाना | बीपीएस महिला विवि के समाज कार्य विभाग में आयोजित 10 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र में डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने बौद्धिक विकलांगता, जैविक मानसिक बीमारी, मानसिक विकार एवं तंत्रिका संबंधी विकारों के बारे में बताया। वहीं रीना ने सामाजिक कार्य के दायरे और स्कूल सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिकाओं से अवगत कराया। उन्होंने नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया की भी जानकारी दी। इस मौके पर विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पंवार, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहन लाल, लुसी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 22.08.2024

दस दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में जारी 10 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। समापन सत्र में बतौर वक्ता डॉ. भूपेंद्र सिंह ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। उन्होंने बौद्धिक विकलांगता, जैविक मानसिक बीमारी, मानसिक विकार एवं तंत्रिका संबंधी विकारों की जानकारी छात्राओं को दी। विभागाध्यक्षा डॉ. मंजू पंवार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, सोहन लाल और लुसी सहित विभाग की छात्राएं उपस्थित रहीं।